# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com ● आष्टा ● भैरूंदा ● बुधनी ● बैरछा ● शुजालपुर ● सोनकच्छ ● कालापीपल ● हाटपीपल्या ● खातेगांव

सीहोर, 12 दिसम्बर 2025


## न्यूज कार्नर

### स्वदेशी संकल्प यात्रा 14 को सीहोर पहुंचेगी

**सीहोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाओ के संकल्पों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वदेशी संकल्प यात्रा का शुभारंभ 15 अक्टूबर 2025 को नागपुर से हुआ। यह राष्ट्रव्यापी यात्रा वर्तमान में महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरों में सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। सीहोर जिलाध्यक्ष अम्बर जैन ने बताया कि मध्य प्रदेश में इस महत्वपूर्ण यात्रा का शुभारंभ 1 दिसंबर 2025 को पांढुरना गुरु देव सेवा मंडल जय स्तंभ चौक से किया गया। यह यात्रा सीहोर जिले में 13 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे से आष्ठा में शाम 4 बजे से भेरुन्दा में रात्रि 8 बजे से इछावर में व 14 दिसम्बर सुबह 11 बजे सीहोर में निकलेगी। सीहोर में यह यात्रा 14 दिसम्बर रविवार सुबह 11 बजे तहसील चौराहे से प्रारम्भ होकर मेन रोड से कोतवाली चौराहे पर 12 बजे सभा के बाद कालापीपल के लिये रवानगी होगी। इस अवसर पर यात्रा को केसरिया झंडी दिखाकर प्रस्थान कराने वाले विशिष्ट अतिथि तथा गणमान्य भी उपस्थित रहेंगे।

### सहकारी सम्मेलन का हुआ आयोजन

**सीहोर।** जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर एवं इफको के संयुक्त तत्वाधान में सहकारी सम्मेलन का आयोजन बहुउद्देशीय साख सहकारी संस्था मर्यादित निपानियाकलाँ में किया गया। कार्यक्रम सुधीर कैथवास उपायुक्त सहकारिता की अध्यक्षता में मनोज शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर के मुख्य आतिथ्य में एस. के. सक्सेना अंकेक्षण अधिकारी, इफको रिजनल मेनेजर विजय कुमार द्विवेदी, भारत सिंह पर्यवेक्षक, एम डी दीपक चन्द्रवंशी, देवेन्द्र चन्द्रवंशी जनपद सदस्य, नरेश वंशकार सरपंच निपानिया, महेश वर्मा सरपंच लोंदिया, राजेश वर्मा सरपंच धनखेड़ी, नरेश गौर सरपंच शेखपुरा, आजाद मेवाड़ा देवली सरपंच, आनंद कुमार सरपंच रोला के विशेष आतिथ्य में प्रारम्भ हुआ।

### बुखार पर नियंत्रण के लिए सामयिक सलाह

सीहोर। जिले में संभावित रोग मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के प्रभावी नियंत्रण के लिए अपने आस-पास संपूर्ण साफ-सफाई की व्यवस्था के उपाय किये जाएं। मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया ओर बायरल बुखार जेसे रोगो के फैलने की संभावना होती है इन रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निर्देश जारी किये गये है। आमजन अपने परिसर के आस-पास पानी एकत्रित होने वाली सभी अनुपयोगी वस्तुऐं जैसे टीन के डब्बे, कोंच, प्लास्टिक की बोतल, नारियल के खोल, पुराने टायर, इत्यादि का विनिष्टिकरण। कही पर पानी एकत्रित है तो उसकी तत्काल निकासी की व्यवस्था की जाए। पानी की निकासी संभव न हो वहां मिट्टी का तेल, या जले हुए ऑयल का छिड़काव किया जाए। निस्तारित पानी संग्रहित करने वाले टंकी, बालटी, टब, आदि सभी को ढंक कर रखना। मच्छर रोधी क्वाइल या लिक्विड अथवा इलेक्ट्रिक रैकेट का इस्तेमाल किया जाने तथा खिडकी दरवाजों पर मच्छर रोधी जाली लगवाना। मच्छरों के बचने के लिए प्रतिबंधात्मक उपाय किए जाए।

### कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय समिति गठित

सीहोर। शासन द्वारा बालिकाओं और महिलाओं की उन्नति में चुनौतियों और बाधाओं के समाधान और उनके समग्र सशक्तिकरण के लिए नारी सशक्तिकरण मिशन लागू किया गया है। यह वूमेन लीड डेवेलपमेंट आधारित नारी सशक्तिकरण मिशन महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सक्रिय भागीदारी तथा संसाधनों, अधिकारों और अवसरों तक समान पहुँच सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। कलेक्टर द्वारा नारी सशक्तिकरण मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया किया गया है। यह समिति महिला एवं बालिका हितैषी योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन कार्ययोजना बनाएगी और मिशन की प्रगति की सतत निगरानी करेंगी। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर है, और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को समिति का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

---

नपाध्यक्ष काहिरी बंधान जल सतर का लिया जायजा, बंधान में तेजी से घट रहा पानी

# पानी चोरी करते मिले तो दर्ज होगा आपराधिक केस, जब्त होगी मोटर



**जागरण, सीहोर।** पिछली बार हुई कमजोर बारिश को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका का जल प्रदाय विभाग जल स्त्रोतों में जमा पानी को सुरक्षित रखने के पुरजोर प्रयास तो कर रहा है लेकिन पानी चोर हैं कि शहर की प्यास बुझानें में अहम भूमिका निभाने वाले इन जल स्त्रोतों में जमा पानी पर पानी चोर लगातार मोटर पम्पों के माध्यम से पानी चोरी करते हुए जल स्त्रोतों का जल स्तर तेजी से घटाने में लगे हुए हैं। चाहे पार्वती नदी स्थित काहिरी बंधान हो या फिर पेयजल के लिए आरक्षित जमोनिया और भगवानपुरा जलाशय सहित शहर के भूजल सतर को बनाए रखने वाली सीवन नदी हो इन सभी जल स्त्रोतों से पानी चोर मोटर पम्पों के माध्यम से 24 घंटे पानी चोरी कर इनके जल स्तर को घटाने में लगे हुए हैं।

#### काहिरी बंधान पहुंचे नपाध्यक्ष

यह सिलसिला जल्द ही नहीं रोका गया तो शहरवासियों को फरवरी माह से ही पानी के संकट का सामना करने को मजबूर होना पड़ेगा। इसी आशंका को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने पार्वती नदी स्थित काहिरी बंधान का निरीक्षण किया और बंधान में पानी के स्तर का जायजा लेते हुए खाली हो रहे बंधान को लेकर अपनी चिंता अधिकरियों से जाहिर की तथा निर्देश दिए कि नदी के दोनों छोर पर हो रही पानी चोरी को तत्काल प्रभाव से रोका जाए तथा पकड़े गए पानी चोरों के खिलाफ उनके मोटर पम्प और पाईप केबल आदि जप्त कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाए। इसमें कोतही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों को नहीं बक्शा जाएगा।

#### किए जाएं विशेष इंतेजाम, न हो दुरुपयोग

गुरुवार को अचानक पहुंचे काहिरी डेम का निरीक्षण किया। इस मौके पर तैनात कर्मचारियों को पानी की चोरी आदि को रोकने का विशेष इंतजाम किया जाएगा। इसको लिए उन्होंने अमले को निर्देश दिए है कि टीम द्वारा डेम के पानी का मिसयुज नहीं हो। वर्तमान में काहिरी डेम में वर्तमान में 464.77 मीटर पानी है, पिछले वर्ष 11 दिसंबर 2024 को 464.50 मीटर दर्ज किया गया था, पानी का मिसयुज नहीं हो इसके लिए समय-समय पर नगर पालिका के द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

वहीं नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने पानी की बचत करने और व्यर्थ बहाव रोकने की भी सलाह दी, अल्प बारिश के कारण जलाशयों का जल स्तर घटता जा रहा है। पानी की समस्या का निदान करने के लिए और नियमित रूप से शहरवासियों को पानी की सप्लाई होती रहे इसके लिए नपाध्यक्ष राठौर की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शहरवासियों के लिए जीवनदायनी सीवन के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य किया गया था, इसके अलावा जर्जर पाइप लाइन को दुरुस्त करने के लिए पूर्व में करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस वर्ष अल्प वर्षा के चलते आगामी दिनों में जमुनिया जलाशय और काहिरी बंधान पर पर्याप्त जल भंडारण पर जोर दिया जाना आवश्यक है। शहर के जल स्तर को बनाए रखने के लिए जल प्रदाय व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के मद्देनजर काहिरी डेम में पर्याप्त जल भंडारण की बात कही।

#### सीवन नदी भी हो रही लगातार खाली

जहां जल स्त्रोतों के घटते जल सतर को लेकर नपाध्यक्ष और नपा का जल प्रदाय अमला सक्रिय होकर पानी चोरों के खिलाफ कार्रवई का मन बना चुका है। वहीं दूसरी ओर शहर के भूजल स्तर को थामने वाली सीवन नदी से भी बड़ियाखेड़ी, सैकड़ा खेड़ी भूतेश्वर महादेव तथा गणेश मंदिर क्षेत्र में सीवन नदी के आसपास खेती किसानी करने वाले किसान नदी से पानी खींचकर उसका स्तर घटा रहे हैं।

---

# विकास कार्यों को समय पर पूरा करायें : कलेक्टर




**जागरण, सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक में सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण एवं विकास कार्यों की जनपदवार तथा नगरीय निकायवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निधि से स्वीकृत सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाये। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत कार्य जनता की सुविधा एवं जनहित से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने ऐसे सभी कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने पर भी जोर दिया, जिनकी स्वीकृति मिल चुकी है।

उन्होंने कहा कि जो कार्य प्रगतिरत हैं उन्हें समय पर पूर्ण कराने का प्रयास करें। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कार्यवार प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की तथा समय सीमा में कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए समन्वय और निगरानी के साथ कार्य करें। कलेक्टर श्री बालागुरू के ने कहा कि आमजन को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिये परेशानी न हो इसके लिये सभी पंचायत सचिवों को ताकीद किया जाये। बैठक में जिला योजना अधिकारी श्री संजय लक्केवार एवं सभी सीईओ और सीएमओ उपस्थित थे।

### 13 को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत, 21 खंडपीठें गठित

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार 13 दिसंबर को सीहोर जिला न्यायालय परिसर, जिले के सभी तहसील न्यायालयों एवं सभी खंडपीठों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। डीएलएसए सचिव स्वप्नश्री सिंह ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, क्लेम प्रकरण, विद्युत अधिनियम, वैवाहिक विवाद सम्बंधी व अन्य सिविल प्रकरण सहित लगभग 1500 राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गये हैं। विद्युत अधिनियम, बैंक रिकवरी, जलकर एवं बी.एस.एन.एल. विभाग से संबंधित लगभग 16,250 प्री लिटिगेशन प्रकरण रखे गए हैं। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए सीहोर में 08, आष्टा में 04, भैरूंदा में 04. बुधनी में 03, इछावर में 01 और उपभोक्ता फोरम में 01, इस प्रकार कुल 21 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

---

### सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का नया आधार

**सीहोर।** प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना लगातार बहनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इसके योजना के तहत सरकार द्वारा प्रदेश की लाड़ली बहनों को 1500 रूपये प्रतिमाह की राशि उनके खाते में अंतरित की जा रही है। योजना के माध्यम से मिलने वाली मासिक आर्थिक सहयता ने महिला शक्तिकरण को बढावा मिल रहा है।

### सोयाबीन का मॉडल रेट 4207 रुपए जारी

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। गुरुवार 11 दिसंबर को 4207 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

# ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले 1724 शिक्षकों का रोका गया दिसंबर माह का वेतन




**जागरण, सीहोर।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह तोमर ने ई-अटेंडेंस नहीं लगाने पर जिले के शिक्षा विभाग में कार्यरत 1724 शिक्षकों और अन्य शासकीय कर्मचारियों का दिसंबर माह का वेतन भुगतान रोक दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा सभी शासकीय स्कूलों में कार्यरत समस्त भृत्य, प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, उच्च माध्यमिक शिक्षक, प्राचार्य एवं अन्य कर्मचारियों को हमारे शिक्षक एप पर प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग द्वारा निरंतर पत्राचार और निर्देश के बावजूद भी कई कर्मचारी इस कार्य को गंभीरता से नहीं ले रहें है।

उन्होंने बताया कि जिले के शिक्षा विभाग में कार्यरत कई कर्मचारियों द्वारा इस आदेश का उल्लंघन करते हुए ई अटेंडेंस नहीं लगाई जा रही है, जिसके परिणाम स्वरूप राज्य स्तर पर सीहोर जिला म.प्र में 35 वें नंबर पर आ रहा है। इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नाराजगी जाहिर की गई है तथा ई अटेंडेंस नही लगाने वालों पर कार्यवाही करने के लिए भी कहा है।

इस पर कार्यवाही करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह तोमर ने सीहोर जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर ई-अटेंडेंस न लगाने वाले सीहोर जिले के 1724 शिक्षकों एवं कर्मचारियों का दिसम्बर माह 2025 का वेतन भुगतान रोक दिया है। इसके साथ ही सभी लोकसेवकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निरंतर ई अटेंडेंस लगाए, ताकि ई अटेंडेंस में सीहोर जिले की स्थिति में राज्य स्तर पर सुधार हो। सीहोर विकासखंड में ऐसे 740 लोकसेवक है जो अभी भी ई अटेंडेंस नही लगा रहे हैं।

# 11 हितग्राहियों को प्रदान कीं बाइक की चाबी, खिले चेहरे



**जागरण, सीहोर।** धरती आबा अभियान के अंतर्गत मछुआ समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने कोलार क्षेत्र की जनजातीय मछुआ सहकारी समिति के 11 हितग्राहियों को आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलों की चाबियाँ प्रदान कीं। यह सुविधा हितग्राहियों के आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक होगी। कलेक्टर ने कहा कि शासन एवं जिला प्रशासन जनजातीय समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने तथा पारंपरिक आजीविका को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि धरती आबा अभियान का उद्देश्य जनजातीय परिवारों का सर्वांगीण विकास है।

इन आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलों की मदद से मछुआरों को ताज़ी मछलियों को सुरक्षित रखने, परिवहन करने और दूरस्थ क्षेत्रों तक आसानी से पहुंचाने में बड़ी सुविधा मिलेगी। इसकी सहायता से मछलियों को लंबे समय तक ताज़ा रखा जा सकेगा, जिससे विक्रय की संभावनाएं बढ़ेंगी और उनकी आय में भी सीधा लाभ मिलेगा। शासन की यह पहल न केवल मछुआरों की कार्यक्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में भी एक प्रभावी कदम सिद्ध होगी। मत्स्य विभाग के सहायक संचालक श्री प्रशांत हर्ष सहित अन्य अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित थे।

# शहर में एफ फॉर फ्राइज द बेल्जियन वाफल का शुभारंभ



**जागरण, सीहोर।** एफ फॉर फ्राइज द बेल्जियन वाफ़ल का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। वेस्टर्न व्यंजनों के शौकीनों के लिए यह नया अनुभव राय परिवार द्वारा शहर को दी गई एक बड़ी सौगात है। विशेष बात यह है कि यह दुकान पूरी तरह 100 प्रतिशत शुद्ध शाकाहारी है, जहाँ वॉफल, पैनकेक, फ्राइज, बर्गर, आइसक्रीम और कई अन्य स्वादिष्ट आइटम उपलब्ध रहेंगे। उद्घाटन समारोह में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, निलेश बंटी राय, बिट्टू राय, रांझा राय, लिसा राय, तथा राजकुमार रिंकू जायसवाल ने फीता काटकर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। डायरेक्टर बिट्टू राय ने बताया कि दुकान पूरी तरह 100 प्रतिशत शुद्ध शाकाहारी है और ग्राहकों के लिए कई प्रकार के आकर्षक वेस्टर्न स्नैक्स उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा यह हमारी स्न4 फ्राइज और बेल्जियन वॉफल शॉप है। यहाँ आइसक्रीम, वॉफल्स, पैनकेक, फ्रेंच फ्राइज, बर्गर सहित कई प्रकार के आइटम मिलते हैं। यह लीसा टॉकीज़ पर खुली है। आने वाले दिनों में मेन्यू में और वैरायटी जोड़ी जाएगी, और ग्राहक ऑनलाइन ऑर्डर की सुविधा भी प्राप्त कर सकेंगे।

कंपनी के ट्रेनर अंकुर गुरव ने ब्रांड के बारे में बताते हुए कहा यह कोई रेस्टोरेंट नहीं, बल्कि एक वॉफल स्पेशियलिटी शॉप है। हमारा ब्रांड 'द बेल्जियन वाफ़ल' मुंबई की एक प्रतिष्ठित भारतीय कंपनी है। हमारी मुख्य पहचान वॉफल्स हैं, जो विभिन्न फ्लेवर और वैरायटी में उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही आइसक्रीम और बेवरेजेस भी ग्राहकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहेंगे। नएङ्कनए वॉफल्स, अच्छी क्वालिटी और किफायती दरों पर उपलब्ध ऑफर्स इसे अलग बनाते हैं।

# सरकार को कुंभकरणी नींद से जगाने कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन



**जागरण, सीहोर।** ब्रिज कॉर्पोरेशन को निंद से जगा कर और सरकार की आंखों से पट्टी हटाकर कांग्रेस ने रास्ता सुझाया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास निर्माणाधीन ब्रिज में हो रही अनीयमित्ताओं का को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आवेर ब्रिज हुई गंभीर लापरवाही व जनहित में ब्रिज के दोनों सर्विस रोड के बारे में बताया गया एवं सोया हुआ ब्रिज कॉरपोरेशन और आँख पर पट्टी बाँधे सरकार और कुम्भकरण रूपी ब्रिज निर्माण कम्पनी के आगे बीन बजाकर जगाने की कोशिश की गई।

श्री गुजराती ने मौके पर उपस्थित पत्रकारगणों से चर्चा करते हुए बताया कि ब्रिज कॉर्पोरेशन ने बिना जमीनी सर्वे किये गलत डिजाइन बनाई और उसके बाद ड्राइंग बार-बार क्यों बदली गई, इसका आज तक कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। निजी भूमि न लगने का दावा गलत साबित हुआ और 3000 वर्गफिट भूमि अधिग्रहण शुरू हो चुका है। हमारी मांग है कि अधिग्रहण बढ़ाकर 5000 वर्गफिट किया जाए और सर्विस रोड दी जाए, ताकि जनता को स्थायी राहत मिले। निर्माण से पहले सर्विस रोड न बनने से लोग दो साल से गड्ढों, धूल और दुर्घटनाओं से परेशान हैं। नगर पालिका से अनुमति भी नहीं ली गई और मुख्य मार्ग बंद कर दिया गया। आज के प्रदर्शन/नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हमने लापरवाही पर कार्रवाई और जनता की समस्या के त्वरित समाधान की मांग दोहराई है।

#### संबंध में विचारणीय तथ्य

ब्रिज निर्माण हेतु कार्यदिश दिसंबर 2023 में पीडब्ल्युडी सेतु विभाग द्वारा जारी किया गया एवं जनवरी 2024 से स्थल पर निर्माण प्रारम्भ हो गया, इस समय तक निर्माण विभाग को निजी भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि ब्रिज सितंबर 2023 के लेआउट के अनुसार बनना था, और ब्रिज हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पहुँच मार्ग से पहले, अर्थात नरेश माधुर के घर के सामने ही खत्म हो रहा था, एवं निर्माण विभाग द्वारा भी उसी के अनुसार कार्य प्रारंभ किया था। अप्रैल 2024 में पता नहीं किस कारण से पुनः ड्राइंग बदल दी गई, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रास्ते को बंद करना प्रस्तावित किया किन्तु कोई विकल्प नहीं सोचा और चालू काम में तोडफ़ोड़ करके उसको घुमाते हुए निजी जमीन तक पहुँचा दिया गया। बाद में सेतु निगम जगा कि यहां तो आगे तो निजी भूमि है। पहुँच मार्ग पर दीवार बनाते हुए सितंबर 2025 तक निजी भूमि के पास पहुँच कर रुक जाता है, इस बीच हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एवं उससे लगी अन्य सभी कॉलोनियों के निवासी निरंतर शासन, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को मौखिक / लिखित / कार्यालय में मौके पर, जब जहाँ जैसे मिले सबको समस्या बताते रहे कि हमारा पहुँच मार्ग बंद हो गया विकल्प उचित नहीं है, बरसात में कई लोग गिरे भी फिसले भी, धरना दिया आंदोलन किया, किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। अक्टूबर 2025 को पता चलता है कि ब्रिज निर्माण में आ रही बाधा को दूर करने के लिए निजी भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, मतलब अब निर्माण विभाग को भूअर्जन आवश्यक लगा।

#### यह भी जानना आवश्यक

योजना बनने के पहले निर्माण विभाग ने कोनसी भूमि पर निर्माण होना था, क्योकि डीपीआर में भूअर्जन प्रस्तावित नहीं है ? निर्माण के दौरान लेआउट में परिवर्तन क्यों किया गया उत्तर दिशा स्थित कॉलोनियों के निवासियों की पहुंच मार्ग की समस्या का निराकरण क्यो नहीं किया जा रहा। विवादास्पत अनेकों अनियमित्ताओं से घिरे उक्त निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के विरोध में कांग्रेसजनों द्वारा नुक्कड़ सभा कर लोगों को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जफर लाला, प्रीतम दयाल चौरसिया, सीताराम भारती, रमेश गुप्ता, विवेक राठौर, राकेश वर्मा, रामप्रकाश चौधरी, घनश्याम यादव, घनश्याम मीणा, मनोज परमार, प्रेमनारायण परमार, इरफान लाला, मजीद अंसारी, भगत सिंह तोमर, आसिफ अंसारी, धीरज ठाकुर, संतोष मालवीय, अनिल सेन, यश यादव, मोनू शर्मा, मनीष मेवाड़ा, हरिओम सिसोदिया, शुभम सक्सेना, अक्षत सेंगर, गजराज परमार, दिव्यांश, आशीष परमार, अरबाज़ खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## न्यूज कार्नर

### नर्मदा पंचकोशी यात्रा 20 21 दिसंबर को

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** धर्म और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नर्मदा समग्र की प्रेरणा से कार्यरत माँ नर्मदा सेवा समिति नीलकंठ द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली माँ नर्मदा पर्यावरण पंचकोशी यात्रा इस वर्ष भी आयोजित की जा रही है। यह दो दिवसीय यात्रा 20 और 21 दिसंबर को नर्मदा तट के विभिन्न घाटों पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए संपन्न होगी। समिति द्वारा आयोजित इस पंचकोशी यात्रा का मुख्य उद्देश्य माँ नर्मदा के तटों की स्वच्छता, पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और जन-जन को नर्मदा संरक्षण के प्रति प्रेरित करना है। उल्लेखनीय हैं कि पंचकोशी यात्रा का भारतीय संस्कृति और धार्मिक ग्रंथों में अत्यधिक महत्व बताया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नर्मदा नदी की पंचकोशी यात्रा करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिलती है और आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है। नर्मदा जी की पंचकोशी यात्रा करने से तीर्थ यात्री को अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्य फल प्राप्त होता है। माँ नर्मदा सेवा समिति द्वारा इसे शुद्ध रूप से पर्यावरण केंद्रित रखा गया है। यात्रा के दौरान हर घाट पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिससे स्थानीय लोगों में नदी की स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी का भाव जागृत किया जाएगा।

### नेत्र और स्वास्थ्य जांच शिविर 18 दिसंबर को

**जागरण, इटारसी।** सेवा सदन आंख जांच केंद्र द्वारा 18 दिसंबर को एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जनता को यह महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें आंखों की जांच के साथ-साथ गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक जांच भी शामिल है।

### महानिदेशक ने सीपीई का किया दौरा

**जागरण, इटारसी।** रक्षा संस्थान सेंट्रल प्रूफ एस्टैब्लिशमेंट इटारसी में डायरेक्टर जनरल, डिफेंस क्वालिटी एश्योरेंस, एन. मनोहरन, ने एडीजी और एडीजी के साथ दौरा किया। दौरे का उद्देश्य ऑपरेशनल रैडिनेस का मूल्यांकन करना और संस्थान में चल रही प्रूफिंग गतिविधियों की समीक्षा करना था। एन मनोहरन ने प्रूफ रेंज, मैगजीन और संबंधित सुरक्षा इन्फ्रास्टक्चर का अवलोकन किया। उन्होंने तकनीकी कर्मचारियों के साथ बातचीत की और हथियार के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया।

### खो-खो प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

**जागरण, इटारसी।** मप्र खो-खो संघ द्वारा आयोजित 44वीं जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नर्मदापुरम जिले की टीम आज पिपरिया से जबलपुर के लिए रवाना हुई। जिला खो-खो संघ के सचिव, अश्वनी मालवीय, ने बताया कि यह प्रतियोगिता जबलपुर में 12 से 14 दिसं. तक आयोजित की जाएगी।

**आवश्यकता है**

नसरुल्लागंज में कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता हैं। जिसे टेली या एक्सल का अनुभव हों ।
वेतन 15000 से 25000 ( योग्यता अनुसार )
संपर्क करे
9826961556
08 to 14 Dec

#### प्रशासन की अनदेखी तेज रफ्तार से दोनों साइड से गुजर रहे वाहन

# बुधनी-नर्मदापुरम के बीच दो मोटर ब्रिज बने, ट्रैफिक नियम नहीं आ रहे नजर

**जागरण बुधनी।** बुधनी और नर्मदापुरम के बीच नर्मदा नदी पर बना नया मोटर ब्रिज बिना किसी औपचारिक उद्घाटन के ही चालू कर दिया गया है। अब वाहनों के लिए दो ब्रिज मौजूद हैं, लेकिन ट्रैफिक मैनेजमेंट की कमी लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। न तो कोई ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात है, न संकेतक बोर्ड लगे हैं, और न ही आने-जाने की दिशा तय की गई है।



### अव्यवस्था से जुड़ी प्रमुख परेशानियां

दिशा-निर्धारण नहीं कौन-सा ब्रिज 'आने और कौन-सा 'जाने' के लिए है, यह तय नहीं है।संकेतक बोर्ड गायब चालकों को दिशा, गति सीमा और ब्रिज की स्थिति की जानकारी देने वाले बोर्ड नहीं लगे।. ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति — किसी भी ब्रिज पर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। तेज रफ्तार वाहनों का खतरा — खासकर बड़े वाहनों के सामने से अचानक छोटी गाड़ियां आ जाती हैं, जिससे टक्कर की नौबत। पैदल यात्रियों के लिए खतरा — फुटपाथ या पैदल लेन न होने से पैदल लोग और साइकिल सवार खतरे में।.

### पहले भी हो चुके हैं हादसे

ट्रक और बाइक की टक्कर, कार-कार भिड़ंत जैसी घटनाएं हो चुकी हैं, कुछ में मौत भी हुई। लोगों कहना है कि कभी भी सामने से ट्रक आता है, कभी बाइक। अगर एक ब्रिज को आने और दूसरे को जाने के लिए तय कर दें तो बहुत हादसे रुक जाएंगे, ब्रिज से निकलने वाली गाड़ियों की रफ्तार बहुत तेज होती है। बच्चे सड़क पार करें तो डर लगता है। रात में रोशनी की भी कमी है। ब्रिज पर लाइटें नहीं जल रहीं, जिससे एक्सीडेंट का डर और बढ़ जाता है।स्थानीय दुकानदारों और चालकों की मांगहैएक ब्रिज को सिर्फ 'आने' और दूसरे को 'जाने' के लिए आरक्षित किया जाए।हर ब्रिज पर संकेतक, स्पीड लिमिट और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। रात में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था हो।

### ट्रैफिक पुलिस या होमगार्ड की तैनाती हो

बुधनी और नर्मदा पुरम को जोड़ने वाला नया ब्रिज, जिसका इंतज़ार लोग वर्षों से कर रहे थे, अब पूरी तरह निर्माणाधीन कार्यों से मुक्त हो चुका है। पुल की फिनिशिंग, किनारों की मरम्मत, सुरक्षा रेलिंग, दोनों ओर की एप्रोच रोड—सब तैयार हैं। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि अभी तक न तो कोई सरकारी उद्घाटन हुआ, न कोई विशेष आदेश जारी किया गया। इसके बावजूद वाहन चालकों ने खुद ही ब्रिज को उपयोग में लेना शुरू कर दिया है। सुबह से देर रात तक इस पुल पर दोपहिया, चारपहिया और छोटे ट्रक तेज रफ्तार में दौड़ रहे हैं। पुल की आधिकारिक स्थिति स्पष्ट न होने के बावजूद लगातार बढ़ती आवाजाही प्रशासनिक गंभीरता पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। पुल पर ट्रैफिक कंट्रोल से जुड़े एक भी संकेतक नहीं लगाए गए। जहां 'स्लो', 'वन-वे', 'स्पीड लिमिट', 'डेंजर', 'स्ट्रेट ओनली', 'कर्व अहेड' जैसे संकेतक अनिवार्य होते हैं, वहां पूरा ब्रिज बिना किसी सूचना के खुला मैदान बना हुआ है। किनारों की लाइन मार्किंग अधूरी है, रेखा कई स्थानों से धुंधली है, और रात में दृश्यता कम हो जाती है।

### पुल पर लाइटें भी नहीं, होती है परेशानी

पुल पर स्ट्रीट लाइट की स्थिति भी अव्यवस्थित है, जिससे अंधेरा होने के बाद वाहन चालक केवल अपनी हेडलाइट पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में दो तरफ से आने वाले वाहनों के बीच टकराव का खतरा लगातार बना रहता है बुधनी और नर्मदा पुरम दोनों ओर के निवासियों में इस स्थिति पर गुस्सा और चिंता दोनों दिखाई दे रही है। लोग कह रहे हैं कि पुल का निर्माण पूरा होने से राहत तो मिली, लेकिन उपयोग के लिए किसी भी विभाग ने ढंग की व्यवस्था नहीं बनाई। कई ग्रामीणों ने बताया कि शाम के समय पुल पर वाहनों की रफ्तार बेकाबू रहती है और कभी-कभी अचानक जाम की स्थिति भी बन जाती है। कुछ लोगों ने कहा कि पुल पर संकेतक न होने से पता ही नहीं चलता कि किस दिशा में कितना स्पेस है। बुजुर्ग और महिला वाहन चालक खासतौर पर डरे हुए हैं कि अचानक सामने से कोई तेज वाहन न आ जाए। इस पूरी स्थिति ने पुल की उपयोगिता को सुविधाजनक से ज्यादा जोखिमपूर्ण बना दिया है।

### ऐसी स्थिति में हादसा होना निश्चित

परिवहन विशेषज्ञों का कहना है कि बिना ट्रैफिक सिस्टम के पुल खोलना अत्यंत खतरनाक होता है। ब्रिज पर स्पीड कंट्रोल की अनुपस्थिति हादसे की संभावना को कई गुना बढ़ा देती है। पुल पर रिफ्लेक्टर लगाने, दोनों किनारों पर चेतावनी बोर्ड लगाने, रात में हाई-इंटेंसिटी लाइट लगाने और कम से कम शुरुआती सप्ताह में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती अनिवार्य होती है। लेकिन यहां कुछ भी लागू नहीं किया गया। विशेषज्ञों ने स्पष्ट कहा कि यदि जल्द व्यवस्थाएं नहीं सुधारी गईं तो किसी गंभीर दुर्घटना को रोक पाना मुश्किल होगा।

## नगरीय क्षेत्र में बढ़ा बाघों का मूवमेंट, वन विभाग अलर्ट

**जागरण बुधनी।** नर्मदा किनारे बसे जंगलों और पहाड़ी इलाक़ों में बाघों की सक्रियता लगातार बढ़ रही है। बुधनी और समनापुर क्षेत्रों में बीते कई सप्ताह से बाघों का मूवमेंट बना हुआ है। वन विभाग की रिपोर्टों के अनुसार बुधनी फॉरेस्ट रेंज में लगभग 9 बाघों की उपस्थिति दर्ज की गई है, जिसके चलते ग्रामीण इलाक़ों में दहशत के साथ सतर्कता भी बढ़ गई हैपिछले दिनों बाघ के हमले में बुधनी क्षेत्र में एक गाय गंभीर रूप से घायल हो गई थी। सुबह चरवाहों ने जब गाय को देखा तो उसके शरीर पर गहरे निशान पाए गए।



आसपास के क्षेत्र में पंजों के ताज़ा निशान भी देखने को मिले, जिससे बाघ की मौजूदगी की पुष्टि हुई।ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से बाघों और तेंदुओं की आवाजाही बढ़ी है, और मवेशियों पर हमले की घटनाएँ चिंता बढ़ा रही हैद्य बुधनी रेंज वन विभाग की टीमों ने घटना के बाद इलाके में सर्चिंग व पेट्रोलिंग बढ़ा दी है।ग्रामीणों को जागरूक कर रही हैं चराई वाले क्षेत्रों में सतर्क रहने की सलाह दे रही हैंविभाग का कहना है कि जंगलों में पानी और शिकार की उपलब्धता कम होने से बाघ कभी-कभी मानव बस्तियों के करीब पहुँच जाते हैं।

वन विभाग ने ग्रामीणों, चरवाहों और खेत मालिकों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैंसुबह और शाम अकेले खेतों या पहाड़ी मार्गों पर न जाएँबच्चों और महिलाओं को घर से दूर न जाने देंमवेशियों को झुंड में चराने ले जाएँकिसी भी मूवमेंट की सूचना तुरंत वन विभाग को देंकिसानों को भी खेतों में रुकने के दौरान अधिक सतर्क रहने की सलाह दी गईवन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार बुधनी, रेहटी, शाहगंजमें लंबे समय से टाइगर कॉरिडोर का हिस्सा रही है। इसी कारण बाघों का मूवमेंट सामान्य है, लेकिन जनसंख्या बढ़ने से इनकी गतिविधि और व्यापक हो गई है।

बुधनी रेंज में लगभग 9 बाघों की उपस्थिति वन विभाग की मॉनिटरिंग में आई है, जिनमें कुछ अलग-अलग इलाक़ों में सक्रिय रहते हैं।वन विभाग की अपील—बाघ को उकसाएँ नहीं, दूरी बनाए रखेंअधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी स्थिति में जानवर को उकसाने की कोशिश न करें, वीडियो न बनाएँ और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। विभाग ने स्पष्ट कहा कि किसी भी संदिग्ध हरकत की तुरंत सूचना नज़दीकी वन चौकी को दें।

### कबड्डी प्रतियोगिता में महू कला की टीम रही विजेता

**जागरण बुधनी।** सांसद खेल महोत्सव कबड्डी प्रतियोगिता बुधनी इस प्रतियोगिता में 8 टीमों ने भाग लिया इसमें प्रथम महूकला और द्वितीय स्थान पर बुधनी रही विजेताओं को पुरस्कृत किया गया प्रतियोगिता में मंडल अध्यक्ष संतोष गौर सतीश गुप्ता पंकज जाट यशवंत चौहान रामवती नायर राजा पटेल कुबेर ठाकुर सचिन मेहरा निलेश बहुती मुकेश अहिरवार राधे गौर खेल विभाग से सीताराम शर्मा नरेंद्र दायमा मोनू पहलवान प्रदीप कटारिया अनिल कीर दिलीप कीर आकाश मसीह सुशील मीणा कन्हैया कीर बबलू की र संतोष कीर नरेंद्र मीणा दुर्गेश कीर आदि उपस्थित रहे।



## स्वच्छता ऑन व्हील अब गांव-गांव पहुंचेगी चलित सफाई सेवा, प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था को डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए स्वच्छता ऑन व्हील के तहत बुधवार को बोरखेड़ाकला क्लस्टर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्लस्टर की सभी ग्राम पंचायतों बोरखेड़ा, सातदेव, सोहनखेड़ी, चोरसाखेड़ी, बगवाड़ा, इटावाकलां, बड़नगर, हालियाखेड़ी, सेमलपानी कदीम, निम्नागाँव, बालागाँव, धोलपुर, चांदाग्रहण और जामुनियाकलां के सरपंच, सचिव मौजूद थें।




प्रशिक्षण के दौरान बोरखेड़ा एवं लाड़कुई क्लस्टर की पंचायतों में कार्यरत स्वच्छता साथियों को आधुनिक सफाई उपकरण और किट वितरित किए गए। इन उन्नत उपकरणों की उपलब्धता से अब गांवों में सफाई कार्य अधिक गुणवत्ता युक्त, तेज और नियमित रूप से सुनिश्चित हो सकेगा। जिससे ग्रामीण स्वच्छता के स्तर में बड़ा सुधार आएगा। ब्लॉक समन्वयक राजेंद्र जाट ने इस अवसर पर मोबाइल ऐप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह ऐप स्वच्छता ऑन डिमांड सेवा का आधार है और यह ओला-उबर की तर्ज पर सरल, तेज और पारदर्शी ढंग से काम करता है। ऐप में दो प्रकार के उपयोगकर्ता नागरिक और स्वच्छता साथी हैं।

ऐप के माध्यम से कोई भी ग्रामीण नागरिक, संस्था प्रमुख, या परिवार अपने घरेलू, संस्थागत अथवा सामुदायिक शौचालय की सफाई के लिए सीधे ऑनलाइन डिमांड दर्ज कर सकता है। डिमांड प्राप्त होने पर स्वच्छता साथी निर्धारित समय-सीमा के भीतर सफाई सेवा प्रदान करेगा। जाट ने यह भी स्पष्ट किया कि सामुदायिक इकाइयों हेतु 200 और व्यक्तिगत/घरेलू इकाइयों हेतु 50 रुपये प्रति सफाई की दर निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण सत्र में सभी प्रतिभागियों को ऐप के दोनों यूजर इंटरफेस की जानकारी देते हुए सभी पंचायतों को उसी समय ऐप पर डिमांड डालने का अभ्यास भी कराया गया। ताकि वहअपने गांवों में इस डिजिटल सेवा को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजेश शर्मा, क्लस्टर प्रभारी अनोखीलाल पेठारी, पंचायत समन्वयक, और क्लस्टर की सभी ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक एवं सरपंच मौजूद थें।

### ठंड का प्रकोप गली मोहल्ला में जल रहे अलाव

**जागरण बुधनी।** बुधनी में पिछले दो दिनों से ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है। सुबह और देर शाम तापमान अचानक नीचे आने से लोगों को तेज गलन का सामना करना पड़ रहा है। बाजार क्षेत्रों में सुबह-सवेरे दुकानदार ठिठुरते दिखाई दिए, जबकि राहगीरों ने ऊनी कपड़ों के साथ-साथ अलाव का सहारा लियास्थानीय मौसम के अनुसार, रात का तापमान करीब 9 से 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, जबकि दिन में हल्की धूप निकलने के बावजूद हवा में ठंडक बनी हुई है।

## गरीबों की दवा कूड़े के ढेर में मिली, मची सनसनी

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** सिविल अस्पताल भैरुंदा के भ्रष्ट और संवेदनहीन स्वास्थ्य प्रबंधन का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिस परिसर में लोगों को जीवनदान दिया जाता है, उसी की पार्किंग के पास कचरे के ढेर में बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयों का पूरा ज़खीरा बरामद हुआ। आधी रात को दवाइयों का यह ढेर मिलने से अस्पताल परिसर में सनसनी फैल गई। यह दवाइयाँ आयरन और फोलिक एसिड की गोलियाँ थीं। जिनका वितरण एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं और किशोरियों सहित गरीब व जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क किया जाता है। इतनी महत्वपूर्ण दवाइयों का वितरण न करके उन्हें सीधे कचरे में पटक देना लापरवाही और सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला है।

### मामला हुआ उजागर तो...

जानकारी के मुताबिक दवाओं की एक्सपायरी डेट जनवरी 2026 थी। लापरवाही का मामला उजागर होने के तुरंत बाद सिविल अस्पताल भैरुंदा के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी ने कड़ी कार्रवाई की है। इस गंभीर अनियमितता के सामने आने पर तत्काल प्रभाव से जिम्मेदार कर्मचारियों को शोकॉज नोटिस (कारण बताओ नोटिस) जारी किया गया है। जिन कर्मचारियों को यह नोटिस जारी किया गया है, उनमें ओपीडी फार्मासिस्ट, एनआरएम की एफडी (फार्मासिस्ट) और एनएम (नर्स) शामिल हैं। नोटिस में उनसे पूछा गया है कि गरीबों को वितरित की जाने वाली आवश्यक दवाइयाँ, जो जन स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, उन्हें कचरे के ढेर में क्यों फेंका गया। इस घटना ने अस्पताल प्रशासन और दवा वितरण प्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।




# वाहन रैली निकाल स्वागत, भाजयुमो अध्यक्ष टेलर बोले- कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का भोपाल पदभार ग्रहण से पूर्व युवा मोर्चा के जिला स्तरीय नेता संजय पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सीहोर के क्रीसेंट चौराहे पर गर्मजोशी से अभिनंदन किया। बुधनी विधानसभा क्षेत्र से अभी तक के इतिहास में युवा मोर्चा के किसी कार्यकर्ता के द्वारा किया गया यह सबसे शानदार स्वागत था। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी कार्यकर्ता काफिले के साथ स्वागत के लिए नहीं पहुंचा। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए भैरुंदा(नसरुल्लागंज) से लेकर सीहोर तक एक विशाल वाहन रैली निकाली गई। संजय पटेल के काफिले में पाँच दर्जन से भी अधिक गाड़ियाँ मौजूद थीं। जो प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए जिला मुख्यालय तक पहुँचीं।



इस दौरान जगह-जगह रुककर स्थानीय कार्यकर्ताओं और आम जनता ने नवनियुक्त अध्यक्ष का अभिनंदन किया। क्रीसेंट चौराहे पर पहुँचने पर संजय पटेल ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर, फूल मालाएँ पहनाकर और पुष्प वर्षा कर प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर युवा कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने बता दिया कि पार्टी का युवा विंग नए नेतृत्व के साथ पूरी ऊर्जा से आगामी कार्यों के लिए तैयार है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने इस जोरदार स्वागत से अभिभूत होते हुए मंच से युवा मोर्चा के नेता संजय पटेल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह उनके द्वारा किए गए स्वागत से अभीभूत है। जिस गर्मजोशी और ऊर्जा के साथ उनका स्वागत किया है। वह यह दिखाता है कि संगठन में जमीनी स्तर पर कितनी मजबूती है। अपने संबोधन में उन्होंने पार्टी नेतृत्व विशेषकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का धन्यवाद किया कि उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

उन्होंने जोर देकर कहा पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसका पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाएगा। युवा मोर्चा को और अधिक सक्रिय बनाया जाएगा हमारे युवा कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाएंगे। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मोहन सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। पटेल ने इस अवसर पर कहा कि श्याम टेलर के नेतृत्व में भाजयुमो प्रदेश में एक नई दिशा और ऊर्जा के साथ काम करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सीहोर जिले का युवा मोर्चा संगठन को मज़बूत करने और हर चुनौती के लिए हमेशा तत्पर रहेगा।

सीएमओ ने सर्चिंग दल के साथ पार्वती नदी के किनारों का किया निरीक्षण

# पार्वती नदी किनारे स्थित कुओं और बावड़ियों पर चस्पा किये चेतावनी नोटिस

**जागरण, आष्टा।** नगर पालिका ने पानी की चोरी पूर्ण रूप से रोकने की ठान ली है और इसी के चलते सर्जिंग कार्य की पूरी बागडौर मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने अपने हाथ में ली। इसी का परिणाम रहा कि सर्चिंग दल के साथ आज पूरे दिन नाव के माध्यम से व पैदल पार्वती नदी के किनारे स्वयं के द्वारा निरीक्षण किया गया।

सीएमओं विनोद प्रजापति ने बताया कि पार्वती नदी में संग्रहित जल आष्टा नगरवासियों के लिए सुरक्षित रह सकें इसके लिए नगर पालिका की सर्चिंग टीम द्वारा दिन और रात दोनों समय पार्वती नदी किनारों की निगरानी रख रही है। साथ ही अवैध रूप से पानी की चोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए विद्युत जल मोटर सहित अर्थदंड से दंडित करने की भी कार्रवाई नगर पालिका द्वारा की जा रही है। जप्त मोटरों को राजसात भी किया जाएगा। सीएमओ श्री प्रजापति ने कहा कि पार्वती नदी में संग्रहित जल को मार्च माह तक सुरक्षित रख सकें इस



ओर पूरी मुस्तैदी से कार्य किया जा रहा हैं, ताकि नगरवासियों को ग्रीष्मकाल में पानी की किल्लत का सामना नही करना पड़े। सीएमओं ने बताया कि पार्वती नदी से सटे व किनारों पर बसे ग्रामों में नगर पालिका द्वारा मुनादी कराई जाएगी और मुनादी के माध्यम से ग्रामीणजनों से अपील की जाएगी कि नदी में अवैध रूप से विद्युत जल मोटर डालकर पानी की चोरी नही करें, अगर पानी की चोरी करते पाए गए तो नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**कुओं एवं नलकूपों के समीप चस्पा किए नोटिसः-** सीएमओं विनोद प्रजापति के द्वारा सर्चिंग कार्य के दौरान नदी के किनारों पर ग्रामीणजनों के कुओं एवं तालाबों के समीप चेतावनी नोटिस भी चस्पा किए है। सीएमओ श्री प्रजापति द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान यह भी संज्ञान में आया कि ग्रामीणजन अपने खेतों में सिंचाई के लिए नदी में संग्रहित जल को जमीन में आड़ा कर अपने कुओं आदि जल स्त्रोतों में समाहित कर खेतों में अवैध रूप से सिंचाई करते है। ऐसे सभी स्थानों को आज चिन्हित किया गया है।

**नाला बनाकर की जा रही थी पानी चोरीः-**ग्रामीणजनों द्वारा अवैध रूप से जल मोटर डालकर पानी चोरी के साथ-साथ पार्वती नदी से सटाकर एक कच्चे नाला बना लिया गया थाए जिसके माध्यम से पानी की चोरी की जा रही थी। उक्त नाले को भी सीएमओ द्वारा सर्चिंग दल की सहायता से बंद कराया गया। सर्चिंग कार्य में दरोगा राजेश घेंघट, पंप अटेंडेंट कैलाश बागवान, रमेश यादव, राकेश बागवान, अजय नाथ, कपिल वर्मा, श्याम यादव मौजूद थें।

## स्वेच्छा एवं सामूहिकता से कार्य करें प्रस्फुटन समितियांः वरुण आचार्य

**जागरण, आष्टा।** जन अभियान परिषद विकासखंड आष्टा द्वारा चयनित नवांकुर संस्था शिवशक्ति ग्राम विकास समिति भीलखेड़ी सड़क कोठरी एवं नवांकुर संस्था भमुरा सामाजिक ग्राम विकास समिति के सयुक्त तत्वाधान में सेक्टर बैठक का आयोजन ग्राम बेदाखेडी किया गया। सेक्टर में संभाग समन्वयक वरुण आचार्य एवं जिला समन्वयक श्रीमती पारुल उपाध्याय की उपस्थिति में संपन्न हुई। सेक्टर बैठक में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। पश्चात विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी द्वारा नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियो द्वारा किए जा रहे कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिला समन्वयक श्रीमती उपाध्याय ने स्वागत भाषण दिया एवं सेक्टर की समितियों की सक्रीय भागीदारी की सराहना की बैठक के अंत में संभाग समन्वयक वरुण आचार्य द्वारा सेक्टर की समस्त नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियो से परिचय प्राप्त किया। वरुण आचार्य ने कहा कि प्रस्फुटन समिति स्वैच्छिकता एवं सामूहिकता से कार्य करे एवं ग्राम में संस्कार



केंद्र, जैविक कृषि, जल संरक्षण अभियान में सक्रीय भागीदारी शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर पात्र लोगों को लाभ दिलाना आदर्श ग्राम की कल्पना आदि विषय पर मार्गदर्शन दिया। सेक्टर बैठक में ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि जीतेंद्रसिंह, पूर्व जनपद सदस्य महेश करमोदिया, मेना सेक्टर के नवांकुर प्रभारी महेश चंदेल, कोठरी सेक्टर के प्रभारी राधेश्याम वर्मा, मेंटर्स मुकेश राठौर, हरेंद्रसिंह ठाकुर, सेक्टर की प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं विद्यार्थीगण मौजूद थें।

## निःशुल्क मेडिकल हेल्थ चेक-अप शिविर आज

**जागरण, जावर।** शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं जागरूकता को ध्यान में रखते हुए एक निःशुल्क मेडिकल हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर के सहयोग से आयोजित किया गया। यह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 12 दिसंबर को महाविद्यालय में आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपराज बागड़ी तथा विशेषज्ञ मेडिकल टीम द्वारा किया जाएगा। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक परामर्श तथा स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। इस का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग तथा समय पर किए जाने वाले परीक्षणों के महत्व को रेखांकित करना हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, आष्टा, जिला-सीहोर, म.प्र.

क्रमांक/1889/ई-टेण्डरिंग/तक.शा./ न.पा./ 2025 — आष्टा दिनांक 10/12/2025

### -:: ई- निविदा आमंत्रण सूचना ::-

एतद् द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट- www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ऑनलाईन टेंडर नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_467557_1 | वार्ड क्र. 01 में डोराबाद में मामा के मकान से मंगलेश के मकान तक ह्यूम पाईप की नाली निर्माण कार्य । | 1 माह 769033/- | 2000/- 7690/- | दिनांक 26-12-2025 सायं 17:30 तक |
| 2 | 2025_UAD_467558_1 | वार्ड क्र. 06 में श्री खालिद खान के मकान से श्री बाबू कुरैशी के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 1 माह 611400/- | 2000/- 6114- | दिनांक 26-12-2025 सायं 17:30 तक |

शर्तें:-
1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा ।
2 निकाय के वित्तीय स्थिति को दृष्टिगत रखते हुवें संबंधित ठेकेदार का भुगतान किया जावेगा ।
3. निविदाकार द्वारा प्रस्तुत निविदा दर पर नियमानुसार जी.एस.टी. (वर्तमान में 18 प्रतिशत) पृथक से देय होगा ।

**विनोद कुमार प्रजापति** मुख्य न.पा. अधिकारी न.पा.प. आष्टा
**कमलेश जैन** प्रभारी लो.नि. विभाग, न.पा. आष्टा
**सिद्धीका बी भूरू भाई** उपाध्यक्ष न.पा.प. आष्टा
**हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा** अध्यक्ष न.पा.प. आष्टा


# भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष का ठाकुर ने किया स्वागत नगर अध्यक्ष धारवां ने प्रतीक चिन्ह से किया सम्मान





**जागरण, आष्टा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का शाजापुर से भोपाल पदभार ग्रहण करने जाते समय पटारिया टोल पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महामंत्री महेंद्र ठाकुर धाम बापचा ने स्वागत किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 101 वाहनों के काफिले के साथ युवा मोर्चा जिला महामंत्री महेंद्र ठाकुर धाम बापचा पटारिया टोल पर अपने समर्थकों के साथ पहुंचे, यहां पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर एवं युमो जिलाध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार की उपस्थिति में भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, जावर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विजेंद्रसिंह ठाकुर, सिद्धीगंज मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया, मैना मंडल अध्यक्ष सनील आर्य, डोड़ी मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, आष्टा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, भाजपा नेता धर्मेंद्र पहलवान मेहतवाड़ा, सेमलीबारी के सरपंच धर्मेंद्रसिंह मालवीय, चरण ठाकुर, बलवीर ठाकुर सहित बड़ी संख्या भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण मौजूद थें।

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री टेलर का बायपास पर युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मनीष धारवां सहित कार्यकर्ताओं ने जोरदार और भव्य स्वागत किया। युमो नगर अध्यक्ष श्री धारवा ने प्रदेश अध्यक्ष श्री टेलर का शाल-श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, विशाल चौरसिया, भाजपा नगर महामंत्री मोहित सोनी, पवन वर्मा बुल्लू, सुमित मेहता, रौनक डुमाने, दिनेश सोनी, मनीष राठौर, गोलू राठौर, संजय वर्मा, सौरभ जैन, शीतल जैन सहित बड़ी संख्या में नेता एवं कार्यकर्तागण मौजूद थें।

## 9 न्यायिक खंडपीठों का गठन

**जागरण नलखेड़ा।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीएस चौहान के निर्देशन में जिला न्यायालय आगर-मालवा व तहसील न्यायालय सुसनेर और नलखेडा में नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर को आयोजित होगी। जिसमें राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरण, सिविल, चेक बाउंस धारा 138 एक्ट के प्रकरणए पारिवारिक विवाद के प्रकरण, घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रकरणए भरण पोषणए मोटर दुर्घटना क्लेमए विद्युत अधिनियम के प्रकरण आदि नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकृत होंगे, इसके अतिरिक्त विद्युत विभाग, बीएसएनएल विभाग, नगर पालिका नगर परिषद के जलकर सम्पत्ति करए बैंक के ऋण वसूली संबंधी प्री.लिटेगशन प्रकरण रखें जाएंगें। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित लगभग 2629 प्रकरण एवं 3000 से अधिक प्रीलिटिगेशन प्रकरण रखें जाएंगे।

नेशनल लोक अदालत में चिन्हित प्रकरणों में सूचना पत्र जारी किए जाकर प्री सिटिंग कराई जा रही है, नेशनल लोक अदालत की तैयारी लगभग पूर्ण की जा चुकी है। नेशनल लोक अदालत में जिला एवं तहसील स्तर पर कुल 9 न्यायिक खण्डपीठे गठित की गई है। नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम के न्यायालय में लंबित प्रकरणों में 20 एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों मे 30 प्रतिशत की छूट के साथ ही 100 प्रतिशत अधिभार की राशि माफ की जा रही है। इसी प्रकार नगर पालिका के संपत्ति कर के प्री लिटिगेशन प्रकरणों में 50 हजार तक की बकाया राशि होने पर शत.प्रतिशतए 50 हजार से 100000 तक की राशि बकाया होने पर पर 50 प्रतिशतए 100000 से अधिक के संपत्ति कर की राशि बकाया होने पर 25 प्रतिशत की अधिभार में छूट दी जा रही है। जलकर के प्री लिटिगेशन प्रकरण में बकाया राशि 10000 तक होने पर अधिभार में 100 प्रतिशत तकए जलकर की बकाया राशि 10000 से 50000 तक होने पर पर 75 प्रतिशत एवं 50000 से अधिक की बकाया राशि पर अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती अश्विनी सिंह ने आमजन से नेशनल लोक अदालत में दी जा रही छूट का लाभ लेने एवं वर्षों से लंबित मामलों को आपसी सहमति से राजीनामा कर निपटाने की अपील की है।

**नवनिर्मित मंदिर में विराजे भगवान**

**जागरण शाजापुर।** शहर के महूपुरा क्षेत्र में धर्म और आस्था का महाकुंभ सजा हुआ है।

# शाजापुर में पकड़ाया साइबर ठगी का ठिकाना, लोकल पुलिस पर उठे सवाल, उज्जैन के साइबर सेल ने छापा मार 19 को हिरासत में लिया



**राजा राठौर जागरण शाजापुर।** सर, मार्केट ऊपर जाने वाला है, हमारी कंपनी आपको ऐसे शेयर बताएगी जिससे आपका पैसा रातों-रात डबल हो जाएगा...। फोन पर ऐसी ही लुभावनी बातें और शेयर बाजार में अचूक मुनाफे का झांसा देकर लोगों की गाढ़ी कमाई ठगने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। शहर के लालघाटी थाना क्षेत्र में चल रहे इस फर्जी एडवाइजरी सेंटर पर गुरुवार को राज्य साइबर सेल, उज्जैन की टीम ने डीएसपी लीना मारोठ के नेतृत्व में बड़ी छापामार कर्रवाई की। कार्रवाई के दौरान मौके से 19 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें 13 युवतियां और 6 युवक शामिल हैं।

**ऐसे बिछाते थे शेयर बाजार का जाल**-पुलिस की अब तक की जांच में ठगी का जो तरीका सामने आया है, वह हैरान करने वाला है। यह गिरोह बकायदा एक कॉर्पोरेट ऑफिस की तरह काम कर रहा था। यहां काम करने वाली युवतियां देश भर के लोगों को रैंडम कॉल करती थीं। फोन पर ग्राहकों को कहा जाता था कि उनकी कंपनी के पास शेयर बाजार की इनसाइडर न्यूज है। वे दावा करते थे कि अगर आप हमारे बताए शेयर में पैसा लगाएंगे, तो नुकसान की गुंजाइश नहीं है।

**स्थानीय पुलिस सोती रही, उज्जैन टीम ने किया खेल खत्म**

हैरानी की बात यह है कि शहर के बीचों-बीच लालघाटी इलाके में इतना बड़ा कॉल सेंटर चल रहा था। दर्जनों कर्मचारी रोज आ-जा रहे थे, लेकिन स्थानीय पुलिस और खुफिया तंत्र को इसकी भनक तक नहीं लगी। सूत्रों के मुताबिक, उज्जैन साइबर सेल को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि शाजापुर से ठगी की जा रही है। मुखबिर की सूचना पुख्ता होने पर डीएसपी लीना मारोठ ने अपनी टीम के साथ गोपनीय तरीके से दबिश दी।

**मोबाइल और डेटा का जखीरा बरामद**

पुलिस ने मौके से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, सिम कार्ड और कस्टमर्स का डेटा बरामद किया है। आशंका है कि इन मोबाइलों में हजारों लोगों के नंबर और ट्रांजेक्शन की जानकारी छिपी है। हिरासत में लिए गए युवकों और युवतियों से साइबर सेल की टीम कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि अब तक कितनी ठगी हुई है। हालांकि पूछताछ में 7 से 8 लाख रूपये प्रति माह ठगी किए जाने की बात तो सामने आ रही है, लेकिन पुलिस जांच उपरांत ही स्पष्ट जानकारी की बात कह रही है। सायबर पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी साहिल मंसूरी और फईम खान हैं।

**बोले जिम्मेदार-**

हमें सूचना मिली थी कि शाजापुर में अवैध रूप से एडवाइजरी फर्म चलाकर लोगों को शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच दिया जा रहा है और ठगी की जा रही है। इसी आधार पर रेड की गई। 19 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच जारी है कि अब तक कितने लोगों से ठगी की गई है।

**-लीना मारोठ, डीएसपी, राज्य साइबर सेल ( उज्जैन )।**

# मेरे क्वार्टर पर रात रुकना पड़ेगा...कहने वाले रंगीन मिजाज हेड कांस्टेबल को दो साल की सजा

**जागरण शाजापुर।** खाकी वर्दी को शर्मसार कर देने वाला एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने रक्षक ही भक्षक वाली कहावत को सच साबित कर दिया है। इंसाफ की आस लेकर थाने की चौखट पर पहुंची एक मजबूर महिला की मदद करने के बजाय, प्रधान आरक्षक उसकी आबरू का सौदा करने लगा। न्यायालय ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी पुलिसकर्मी को दोषी करार दिया और उसे दो साल की सजा से दंडित कर दिया।

## ऐसे शुरू हुआ गंदी बात का खेल

जिला मीडिया सेल प्रभारी प्रतीक श्रीवास्तव ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पीड़ित महिला अपनी बेटी को ससुराल वालों द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत लेकर सुंदरसी थाने पहुंची थी। वहां उसकी मुलाकात तत्कालीन प्रधान आरक्षक बाबूलाल मालवीय से हुई। बाबूलाल ने महिला की मजबूरी का फायदा उठाया। उसने साहब बनकर महिला से उसका मोबाइल नंबर लिया और वादा किया कि वह उसका काम करवा देगा। आरोपी ने काम के बदले पहले महिला से 1000 रुपये ऐंठे। इसके बाद फोन कर 4000 रुपये की और मांग करने लगा। हद तो तब हो गई जब बाबूलाल फोन पर महिला से गंदी बातें करने लगा। वह दबाव बनाता था कि मुझसे मिलने आ जाओ, मैंने तुम्हारे लिए कमरा लिया है और सुंदरसी थाने पर मेरा क्वार्टर है, तुम्हे रात भी मेरे साथ रुकना पड़ेगा।

## सरेराह तमाशा, वैन में खींचने की कोशिश

तत्कालीन पुलिसकर्मी की गुंडागर्दी की पराकाष्ठा घटना दिनांक 09.10.2018 को देखने को मिली, जब शाजापुर के ट्रैफिक पॉइंट एटीएम के सामने आरोपी बाबूलाल एक वैन में बैठा था। जैसे ही पीड़िता ने कंडक्टर साइड से उसे पैसे दिए, इस खाकीधारी ने महिला का हाथ पकड़ लिया और उसे जबरदस्ती गाड़ी के अंदर खींचने की कोशिश की। जब महिला ने विरोध किया और अपना हाथ छुड़ाकर भागने लगी, तो आरोपी ने भीड़ के सामने उसे नंगी-नंगी गालियां देना शुरू कर दिया और झूमाझटकी की। शोर सुनकर भीड़ जमा हो गई और गनीमत रही कि मौके पर निर्भया मोबाइल वैन आ गई, जो दोनों को कोतवाली थाने ले गई। इसके बाद पुलिस ने अपने ही विभाग के इस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

## अब जेल में कटेगी बुढ़ापे की रातें

मामले की सुनवाई न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, शाजापुर के समक्ष हुई। शासन की ओर से पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ममता पाराशर ने आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत पेश किए। तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी बाबूलाल पिता कन्हैयालाल मालवीय निवासी कृष्णा कॉलोनी, शाजापुर को दोषी ठहराया और अलग-अलग धाराओं में दो साल की सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

**जागरण शाजापुर।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में आज राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने राजस्व कार्यों की समीक्षा में न्यायालयवार बटवाराए नामांतरण एवं सीमांकन आदि के निराकृत प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारी को उक्त प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने तथा माह के अंत तक प्रकरणों में 90 प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लोकसेवा गांरटी अधिनियम के अंतर्गत आवेदनों का समयसीमा में निराकरण करने के भी निर्देश दिए।कलेक्टर सुश्री बाफना ने निर्देश दिए कि तहसीलदार कोर्ट में प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करें तथा सभी अनुविभागीय अधिकारी नियमित रूप से तहसीलदार कोर्ट का निरीक्षण भी करें।

## बच्चों में निपुणता लक्ष्य प्राप्त करने और प्रभावी प्रयास करें मेंटर्स : कलेक्टर



**जागरण शाजापुर।** मेंटर्स को बच्चों के निपुणता लक्ष्य प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रभावी प्रयास करें। उक्त निर्देश कलेक्टर ऋजु बाफना ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और शिक्षक, मेंटर सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले में आयोजित दो दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण के दौरान दिए। इस दौरान कलेक्टर ने सभी मेंटर्स को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें। साथ ही बच्चों की शिक्षा में सुधार लाएं। उक्त प्रशिक्षण में शाजापुर एवं मोहन बड़ोदिया विकासखंड के अकादमिक समन्वयक (बीएसी, सीएसी) शामिल हुए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रभावी मेंटर्स तैयार करना तथा उन्हें आदर्श मेंटरिंग के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना था। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अनुपमा चौहान ने प्रतिभागियों से दो दिनों की सीख एवं समझ को जाना और सराहना की।

**प्रशिक्षण की मुख्य गतिविधियां**

दो दिवसीय प्रशिक्षण में भाषा शिक्षण पद्धति, सिद्धांत, विषयवस्तु समझ, शिक्षक संदर्शिका एवं विद्यार्थियों की वर्कबुक के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू, भव्य कलश यात्रा और नशा मुक्ति रैली से गूंजा शहर



**जागरण शाजापुर।** शहर गायत्री महामंत्र के उच्चारण और नशा मुक्ति के जयघोष से गुरूवार सुबह गूंज उठा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के दिव्य संरक्षण में स्थानीय श्रीराम स्मृति स्वास्थ्य उपवन (हर्बल गार्डन), गिरासिया घाट पर आयोजित होने वाले चार दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ एक भव्य कलश यात्रा और जन-जागरण रैली के साथ हुआ। इस दौरान शहर का माहौल पूरी तरह से धर्ममय नजर आया। नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा के उपलक्ष्य में निकाली गई यह मंगल कलश यात्रा स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ से प्रारंभ हुई। यात्रा में पीले वस्त्र धारी महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर चल रही थीं, वहीं नशा मुक्ति के स्लोगन लिखी तख्तियां लिए युवा समाज को जागरूक कर रहे थे। यात्रा शहर के महूपुरा चौराहा, ओंकारेश्वर मंदिर चौराहा, धानमंडी, किला रोड, छोटा चौक, बड़ा चौक, सोमवारिया गेट, सोमवारिया बाजार, मगरिया, लालपुरा, कुम्हार घाटी, रपट और बंशी टॉकीज चौराहा होते हुए हाट मैदान स्थित गिरासिया घाट पर संपन्न हुई। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के शुभारंभ पर क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद ने गायत्री शक्तिपीठ पर उपस्थित जनों को संबोधित कर आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। जानकारी के अनुसार हरिद्वार की टोली उक्त अनुष्ठान को करवाऐगी।

## न्यूज कार्नर

### पं. कमल किशोर नागर की कथा में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

**देवास।** जिले की टोंकखुर्द तहसील अंतर्गत ग्राम भटोनी परमार में 9 से 15 दिसंबर तक आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिवस पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मालवा माटी के संत पं. कमल किशोर के श्रीमुख से हो रही कथा ने पूरे क्षेत्र में भक्ति और संस्कारों की अलख जगा दी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। संतश्री ने कहा कि बीज से बड़ा फल होता है और पाप से बड़ा उसका परिणाम होता है। उन्होंने माता-पिता के सम्मान पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी संतान को अपने माता-पिता से अलग होने का विचार नहीं करना चाहिए, क्योंकि प्रकृति का नियम है कि समय आने पर संतान का जीवन स्वतः स्वतंत्र हो जाता है। उन्होंने संदेश दिया कि बेटे को पढ़ाई-लिखाई और करियर देने से पहले अच्छे संस्कार देना अत्यंत आवश्यक है। हम अपने बच्चों को कार दिला देते है, लेकिन संस्कार नहीं दे पाते, जिस कारण हमें दुख झेलना पडता है। भागवत कथा यजमान ठा. कृष्णपाल सिंह पंवार आदि ने इस अवसर पर व्यास पीठ का पूजन कर आरती की। वहीं महाप्रसादी का वितरण किया गया। उक्त जानकारी नरेंद्र सिंह पवार ने दी।

### बालिकाओं को आत्मरक्षा के हुनर सिखाए



**सोनकच्छ।** अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा माहेश्वरी महिला संगठन, वन बंधु परिषद महिला सहसमिति और मारवाड़ी महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में श्रृंखलाबद्ध संगठन की स्वयं सिद्धा समिति व बाल एवं किशोरी विकास समिति द्वारा आत्मरक्षा अभियान का आयोजन नगर की एक बगीची और कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में रविवार को आयोजित हुआ। जिसमें दुर्गा वाहिनी की नगर प्रमुख बबीता कौशल एवं प्रशिक्षित बहनों ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के हुनर सिखाए और उन्हें जागरुक किया। इस अवसर पर मनीषा लाठी आदि ने बच्चों से बातचीत की एवं उन्हें आत्मरक्षा से संबंधित दैनिक जीवन में उपयोगी बातें समझाई। दुर्गा वाहिनी की नगर संचालिका कौशल को दोनों स्थानों पर सम्मानित किया गया। बालिकाओं को नमकीन के पैकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर माहेश्वरी महिला संगठन अध्यक्ष पुष्पा लाठी, सचिव रेखा चांडक, मारवाड़ी महिला समिति अध्यक्ष मीना राठी, कोषाध्यक्ष रीना बजाज, संतोष गुप्ता, रूपाली दरक, नूतन खंडेलवाल आदि उपस्थित रही।

### सदगुरू ओशो का जन्मदिन मनाया



**पीपलरावां।** प्रेरणा प्रोत्साहन समिति एवं ओशो मित्रों के संयुक्त तत्वावधान में सद्गुरु ओशो का जन्म दिवस मनाया गया। ओशो के छायाचित्र के सामने सबसे पहले नृत्य, हास्य ध्यान व प्रवचन सुनाकर उनका जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शंकर सिंदल, अंबाराम मालवीय, गजानंद देलमिया, अंबाराम शिन्दे, कैलाश शिंदे, अंबाराम पटेल, विकास नेहरू, नौशाद मंसूरी, सलीम खा, नरबतसिंह सिंदल, मंजीत खां आदि उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय शिविर में लिया प्रशिक्षण

**देवास।** राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शेर ए कश्मीर इनडोर स्टेडियम श्रीनगर में किया गया। जिसमें मप्र के खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। पेंचक सिलाट एसोसिएशन मप्र अध्यक्ष अबरार अहमद शेख और महासचिव अभय श्रीवास ने बताया कि प्रशिक्षण इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन के सानिध्य में 3 महीने के लिए लगाया गया था, जिसका समापन 6 दिसंबर को हुआ। जिसमें समस्त भारत वर्ष से आए खिलाड़ियों ने भाग लेकर फाइटिंग (टांडिंग) के अलावा सेनी इवेंट्स सोलो, तुंगल, गांडा ओर रेगु की बारीकियों को समझा। मध्यप्रदेश के इन खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय कोच से ट्रेनिंग ली है।

# शहर हित में एमजी रोड के व्यापारियों ने दिया अमूल्य सहयोग : विधायक

**एमजी रोड कायाकल्प और सौन्दर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन**



**देवास।** शहर के सबसे व्यस्ततम महात्मा गांधी मार्ग का कायाकल्प कर इसका चौड़ीकरण सह सौन्दर्यीकरण कर इसे सुलभ यातायात एवं आवागमन की सुविधाओं के साथ शहर के नागरिकों को सौंपने हेतु मार्ग के विकास कार्यों का भूमिपूजन गुरुवार को जनता बैंक चौराहे पर विधायक गायत्रीराजे पवार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जबकि अतिथि के रूप में महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिह सेंधव, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पार्षद गणेश पटेल, धर्मेंद्रसिंह बैस उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक पवार ने कहा कि मार्ग चौड़ीकरण में एमजी रोड के व्यापारियों ने शहर हित में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया है। उनके सहयोग के कारण ही हम शहर की जनता को एक आदर्श व सुसज्जित मार्ग की सौगात सौंपेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आज भूमिपूजन के साथ ही हम निर्माण कार्यो की शुरूआत भी कर रहे है। इस कार्य में हमें शासन द्वारा 6 करोड़ 50 लाख की महती राशि भी प्रदान की गई है। महापौर गीता अग्रवाल ने बताया कि मार्ग को विकास की धारा से जोड़ने हेतु जनता बैंक चौराहे से गांजा भांग चौराहे तक के मार्ग पर कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके पश्चात हम सुभाष चौक तक के मार्ग का निर्माण करेंगे। इसके पश्चात सुभाष चौक के नावेल्टी चौराहा, नावेल्टी चौराहा से तहसील चौराहा तथा तहसील चौराहा से सयाजी द्वार तक कार्य प्रारंभ जाएंगे। कार्यक्रम के पश्चात विधायक, महापौर, सभापति, विधायक प्रतिनिधि ने व्यापारियों से संपर्क कर उन्हें सहयोग प्रदान करने पर धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बहादुर मुकाती, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, मदन कहार, महेश फुलेरी, आलोक साहू, बाली घोसी, दिव्या नितिन आहूजा, अजय पड़ियार, रूपेश वर्मा, सुरेश सिलोदिया, देवेन्द्र नवगोत्री, मधु शर्मा, विजयसिंह पवार, मनीष सोलंकी, अशोक कहार, अजय पहाड़िया, सचिन जोशी, राकेश अग्रवाल, कुलदीप जोशी, भरत व्यास, विपुल अग्रवाल, जीतू जाधव, बाबू बीके, जुगनू गोस्वामी, गुणपालसिह पवार, जस्सु दरबार, शकील अपना, इमरान दर्पण आदि उपस्थित थे।

## एक और सौगात : बीमा रोड एवं गजरा गियर्स से बीएनपी गेट तक मार्ग निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति

**देवास।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शहर के विकास में विधायकों से मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना निर्माण योजना के अन्तर्गत 15 करोड़ की लागत के प्रस्ताव चाहे जाने पर देवास विधायक श्रीमती गायत्री राजे पवार द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की शासन द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमें शहर के दो प्रमुख मार्ग स्थानीय बीमा रोड एवं गजरा गियर्स चौराहे से बीएनपी गेट के मार्ग के सम्पूर्ण कायाकल्प की योजना शामिल है। उक्त जानकारी महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल ने देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा यातायात की दृष्टि से सुगम बनाने हेतु विधायक पवार के माध्यम से बीमा रोड के कायाकल्प हेतु 8.9 करोड़ के प्रस्ताव राज्य शासन प्रमुख अभियंता नगरीय प्रशासन को प्रस्तुत किया गया था। इस मार्ग में बीमा अस्पताल चौराहा से कर्मदीप स्कूल तक के मार्ग का चौड़ीकरण, मार्ग निर्माण एवं सुरक्षित आवागमन हेतु मार्ग विभाजक, स्ट्राम वाटर, ड्रेन, स्ट्रीट लाईट, पाथ-वे निर्माण कार्य होगा। महापौर ने आगे बताया कि इसी तरह गजरा गियर्स चौराहे से बीएनपी गेट तक मार्ग चौड़ीकरण, मार्ग विभाजक, स्ट्राम वाटर, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाईट, पाथ-वे निर्माण हेतु 4.94 करोड़ की सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त हुई है।



## 50 लाख का डायवर्जन शुल्क बकाया, दो मैरिज गार्डन सील

**देवास।** गुरुवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए बीमा रोड स्थित दो मैरिज गार्डन को डायवर्जन शुल्क बकाया होने पर सील करने की कार्यवाही की है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार तहसीलदार देवास नगर सपना शर्मा ने डायवर्शन शुल्क जमा नहीं करने पर बीमा रोड स्थित मालवा उत्सव गार्डन एवं साया मैरिज गार्डन को सील किया गया। तहसीलदार ने बताया कि वर्ष 1993 से आज दिनांक तक देवास जूनियर (हल्काा) की लगभग 28 बीघा भूमि को भूमि स्वामी इशाक, नूर, इस्माइल, इब्राहिम पिता कासम, सायरबाई पति कासम द्वारा आवासीय मद में डाइवर्ट कराने के पश्चात भी शासन को डायवर्सन शुल्क लगभग 50 लाख जमा ना करने पर कार्यवाही की गई है। तहसीलदार ने बताया कि भूमि का आवासीय डायवर्शन करने के बाद भी इनके द्वारा भूमि का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है, जिसकी पेनल्टी अलग से लगेगी। हमने गत वर्ष भी गार्डन संचालकों को नोटिस दिए थे, किंतु इनके द्वारा राशि जमा नहीं कराई गई। लिहाजा आज दोनों गार्डन सील करने की कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के दौरान मैरिज गार्डन संचालक कुछ दस्तावेज दिखाने व चर्चा करना चाह रहे थे, किंतु इस बार तहसीलदार ने उनकी एक नहीं सुनी और गार्डन सील कर दिया।

## उमावि भौंरासा का किया आकस्मिक निरीक्षण



**भौंरासा।** जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक संचालक शिक्षा द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरासा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिक्षक, छात्र की उपस्थिति एवं पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी ली। छात्रों से चर्चा करते हुए बोर्ड परीक्षा की तैयारी एवं शैक्षिक स्तर को जाना तथा उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी हरीसिंह भारतीय ने बोर्ड परीक्षा में विगत वर्ष की तरह ही शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने हेतु शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजेंद्र चौधरी एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की रंगारंग शुरुआत




**देवास।** प्रतियोगिता से ही खिलाड़ी निखरता है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ता है। यह विचार पायोनियर स्कूल में आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय साफ्ट टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विधायक श्रीमती गायत्री राजे पवार ने व्यक्त किये। प्रतियोगिता संयोजक सुदेश सांगते ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में 11 से 14 दिसंबर तक यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता संपन्न होगी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव थे। स्वागत भाषण हरिसिंह भारती जिला शिक्षा अधिकारी ने दिया। अतिथियों का स्वागत सुदेश सांगते, भारती नेक्या, श्रीमती माया मालवीय, प्रवीण सांगते, महेश सोनी, मनीष जायसवाल, गौरव कदम, प्रीति पवार, विपुल चौहान, विजय वर्मा, सुनील चौधरी, राजेश सोलंकी ने किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम पायोनियर पब्लिक स्कूल एवं चिमनाबाई हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा प्रस्तुत किए गए। खिलाड़ियों को शपथ आदित्य बालोदिया अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सॉफ्ट टेनिस ने दिलाई। कार्यक्रम का संचालन अरविंद त्रिवेदी ने किया।

## कांग्रेस कार्यकर्ता की गिरफ्तारी के बाद थाने पर रात भर चला धरना

### अलाव जलाकर जिलाध्यक्ष चौधरी के साथ डटे रहे कांग्रेस कार्यकर्ता, शाम को हुई कार्यकर्ता की रिहाई



**खातेगांव।** खातेगांव विधानसभा क्षेत्र में रेलवे के अंतर्गत आने वाली किसानों की जमीन अधिग्रहण का कार्य चल रहा है। इन्हीं जमीनों के उचित मुआवजे की मांग को लेकर शासन-प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करा रहे थे। गत दिनों ग्राम तिवड़िया में रेलवे अधिग्रहण मामले को लेकर चल रहे विरोध के बीच कांग्रेस युवा कार्यकर्ता राहुल इनानिया को पुलिस द्वारा शासकीय कार्य में बाधा एवं धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर देवास जेल भेजे जाने से कांग्रेस और किसानों में आक्रोश फूट पड़ा। गिरफ्तारी की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता खातेगांव पुलिस थाने पहुंच गए और थाना परिसर में ही धरना शुरू कर दिया। जानकारी मिलते ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी देवास से रात्रि 11 बजे खातेगांव थाने पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि राहुल इनानिया किसानों की लड़ाई लड़ रहे है, उनके खिलाफ की जा रही कार्यवाही गलत है। किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साफ कहा राहुल इनानिया को तत्काल रिहा करो, नहीं तो आंदोलन और ज्यादा उग्र होगा। धरना रात करीब 8 बजे शुरु हुआ, इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता अलाव जलाकर रात भर थाने में डटे रहे। इस दौरान अधिकारियों ने इस बार चर्चा कर धरना समाप्त करवाने का प्रयास किया, किंतु कांग्रेस नेता अपने साथी की रिहाई पर अड़े रहे। रात से शुरु हुआ धरना दूसरे दिन दोपहर तक चलता रहा। करीब 15 घंटे से धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं के बीच थाना प्रभारी विक्रांत झांझोट, एसडीएम प्रवीण प्रजापति ने पहुंचकर किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा की। लंबी बातचीत के बाद धरना फिलहाल स्थगित किया गया। गुरुवार सुबह थाना परिसर में आंदोलन पर बैठे जिलाध्यक्ष चौधरी ने गांधीगिरी भी दिखाई और थाना परिसर में सफाई अभियान चलाया। उधर इस मामले को लेकर गुरुवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के नाम एक ज्ञापन एडीएम शोभाराम सोलंकी को दिया गया, जिसमें मांग की गई कि किसानों की भूमि अभी दो माह तक नहीं ली जाए, वहीं गिरफ्तार किसान को शीघ्र रिहा किया जाए। उधर गुरुवार देर शाम राहुल इनानिया को जमानत पर देवास जेल से रिहा कर दिया गया।

**प्रदूषण सर्टिफिकेट को लेकर आरटीओ की कार्यवाही**

## 11 वाहनों पर 55 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही, 5 वाहन जब्त



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा देवास शहर से लगी सीमाओं पर वाहनों का जांच अभियान चलाया गया। जिसमें वाहनों के प्रदूषण सर्टिफिकेट सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। जांच में वाहनों में पीयूसी (प्रदूषण सर्टिफिकेट) सहित अन्य दस्तावेजों बीमा, फिटनेस नहीं पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें 11 वाहनों में पीयूसी नहीं पाए जाने पर कुल राजस्व 55 हजार रुपए वसूला गया तथा 5 वाहन स्वामी द्वारा चालान न भरने पर वाहनों को जब्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़ा करवाया गया। जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान ने बताया कि घटते हुए एयर क्वालिटी इंडेक्स के मद्देनजर देवास शहर में संचालित वाहनों में सख्ती से प्रदूषण (धुआं) के रोकथाम के लिए पीयूसी सर्टिफिकेट की जांच लगातार की जा रही है। सभी अपने वाहनों में पीयूसी सर्टिफिकेट बनवाकर वाहनों का संचालन करें, जिससे प्रदूषण को कम किया जा सके।

## आट्या-पट्या नेशनल चैम्पियनशिप के लिए खिलाड़ी रवाना

**देवास।** जिला आट्या पट्या एसोसिएशन सचिव राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि चंडीगढ़ में आयोजित 36 वें आट्या पट्या नेशनल चैम्पियनशिप में मप्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए देवास जिले से खिलाड़ी रवाना हुए। खिलाड़ियों में पुष्प मोदी, जयेश सागोलिया, ऋषिका पाटीदार, महिमा बैरागी, कनिष्क जादौन शामिल है। खिलाड़ियों को अनिल श्रीवास्तव, मनोज राजानी, भरत वर्मा, पवन यादव, पावन पाटील, रागिनी चौहान, निरंजन यादव सहित अन्य ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## हनुमान अष्टमी पर आज निकलेगी खेड़ापति सरकार की प्रभात फेरी



**देवास।** श्री हनुमान अष्टमी महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में भव्य भक्तिमय प्रभात फेरी निकलेगी। 12 दिसंबर को प्रातः 5 बजे श्री खेड़ापति सरकार अपने भक्तों को प्रभात फेरी के रूप में दर्शन देने हेतु नगर भ्रमण पर निकलेंगे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण मनमोहक बाबा का अलौकिक श्रृंगार होगा, मंदिर की आकर्षक विद्युत सज्जा, बाबा को अर्पित होने वाला 21,000 लड्डुओं का भव्य महाभोग होगा। ध्वजा के साथ निकलने वाली भव्य प्रभात फेरी एवं ढोल-ताशों, बैंड, भजन मंडलियों एवं विभिन्न झांकियों की आकर्षक प्रस्तुति रहेगी। पूरे नगर में प्रभु भक्ति और उत्साह से भरी प्रभातफेरी का स्वागत विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा और दीप सज्जा के साथ किया जाएगा। स्थानीय श्रद्धालुओं और भक्त मंडलों द्वारा विशेष व्यवस्था की गई हैं। इसी दिन रात्रि 8.30 बजे बाबा की महाआरती का आयोजन होगा।

## सोनकच्छ रोटरी क्लब के स्वर्ण जयंती समारोह ने रचा इतिहास

### अनेक हस्तियां हुई शामिल, रंगारंग कार्यक्रमों ने बांधा समां



**सोनकच्छ।** बुधवार को रोटरी क्लब सोनकच्छ का स्वर्ण जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। क्लब स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर समारोह आयोजित किया था, जिसमें क्लब के फाउंडर व अन्य सदस्यों के साथ पूर्व सभी अध्यक्ष अथवा उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। आयोजन की सफलता के लिए पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। आयोजन में एक और जहां रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देखने को मिली। वहीं दूसरी ओर रोटरी की अनेक हस्तियों ने समारोह में उपस्थित होकर समारोह की गरिमा को बढ़ाया। दोपहर करीब 1 बजे अतिथियों एवं पूर्व क्लब अध्यक्षों के सम्मान में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शाम को पी एण्ड पी रिसोर्ट पर मुख्य समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि केपी नागेश आरआई निदेशक झोन 4-7 उपस्थित हुए। विशेष अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील रूबी मल्होत्रा सहित रोटरी की अन्य हस्तियां शामिल हुई। अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष दिनेश राठौर ने की। दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। आयोजन के दौरान आतिशबाजी की गई, स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। क्लब स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर करतल ध्वनि के साथ माई स्टेम डाक टिकट का विमोचन हुआ। मुख्य अतिथि ने संबोधन के दौरान क्लब की प्रशंसाओं की झड़ी लगा दी। उन्होंने कहा पिछले 50 वर्षों में सोनकच्छ क्लब ने जिस समर्पण, निरंतरता और प्रभाव के साथ सेवा के कार्य किए हैं, वे अद्वितीय और प्रेरणादायी हैं। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि मैंने भारत में कई श्रेष्ठ क्लब देखे, परंतु सोनकच्छ क्लब जिस स्तर पर कार्य कर रहा है, वह विश्व के 10 सर्वश्रेष्ठ क्लबों की श्रेणी में दिखाई देता है। उन्होंने पूर्व मंडलाक्ष्यक्ष सत्यनारायण लाठी, क्लब अध्यक्ष राठौर, सचिव महेशचंद्र राठौर, सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कारपेंटर एवं पूर्व अध्यक्षों, सदस्यों, डिस्ट्रिक्ट नेतृत्व और आयोजन समिति को शानदार कार्यक्रम के लिए बधाई दी ओर कहा कि सोनकच्छ क्लब की आने वाली परियोजना को करने के लिए डिस्ट्रिक्ट फंड एवं सीएसआर फंड जुटाने की कोशिश करूंगा।

### नगरवासियों ने किया शोभायात्रा का स्वागत

दोपहर 1 बजे बस स्टैंड से प्रगति नगर तक निकली शोभायात्रा का विभिन्न समाज व संगठन के प्रमुख लोगों सहित स्कूली छात्र-छात्राओं ने पलक पावड़े बिछाकर स्वागत किया। जिससे यात्रा मार्ग फूलों से पट गया। यात्रा में सुसज्जित बैंड व बग्घियां शामिल थी, जिसमें क्लब के पूर्व अध्यक्ष, उनके परिजन एवं मुख्य अतिथिगण सवार थे। जबकि क्लब के अधिकांश पदाधिकारी एवं सदस्यगण आकर्षक वेशभूषा पहनकर पैदल चल कर नगरवासियों का अभिनंदन स्वीकार कर रहे थे। यात्रा को हजारों नजरों ने निहारा और प्रशंसा की। यह यात्रा नगर में निकली चुनिन्दा यात्राओं में शुमार हुई।

## प्राचार्य खान को न्यायालय ने किया दोष मुक्त

**सोनकच्छ।** सीएम राइज स्कूल बागली में पदस्थ तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य मो. अय्युब खान पर बागली पुलिस द्वारा 20 जनवरी 2024 को प्रकरण दर्ज कर चालान बनाकर न्यायालय में पेश किया था। पास्को न्यायालय देवास में करीब 2 साल चले इस प्रकरण में न्यायाधीश द्वारा फैसला सुनाते हुए खान को दोष मुक्त कर दिया। खान की ओर से पैरवी अधिवक्ता जमीर अंसारी द्वारा की गई थी।